# भ्रष्टाचार वादा खिलाफी वाली साय सरकार के खिलाफ जनता का आरोप पत्र

## 1 साल में जनता हुई बदहाल, भाजपाई सत्ताधीश हुये मालामाल

छत्तीसगढ़ की साय सरकार के नाकारेपन के कारण देश के इतिहास में पहली बार कलेक्टर और एसपी कार्यालय जला दिया गया। बिगड़ चुकी कानून व्यवस्था इस चुनाव में बड़ा मुद्दा है। प्रदेश की बिगड़ती कानून व्यवस्था से आम आदमी डरा हुआ है। हत्या, लूट, बलात्कार, चाकूबाजी के कारण राज्य का हर शहर असुरक्षित है। राजधानी से लेकर मुख्यमंत्री के गृह क्षेत्र तक गोलियां चल रही है। कानून व्यवस्था की स्थिति खराब हो गयी। एसपी कलेक्टर कार्यालय जला दिया गया। हत्याओं का नया रिकॉर्ड बन गया। प्रदेश में मॉब लिंचिंग शुरू हो गयी आरंग में दो लोगों की पीट-पीट कर हत्या हो गयी। राजधानी में 5 बार गोली बारी हो गयी। गौ तस्करी की घटनायें शुरू हो गयी। महिलाओं के प्रति अपराधों में बढ़ोतरी हो गयी, पोटाकेबिन में बच्ची की जलकर मौत, अबोध बच्ची मां बनी, नारायणपुर में मासूम बच्चियों से स्कूल में छेड़खानी हो गयी। बलात्कार, सामूहिक बलात्कार की घटनायें बढ़ गयी। लूट, अपराध, डकैती, चाकूबाजी की घटनायें बढ़ गयी। अपराध और अपराधी बेलगाम हो चुके है। नक्सलवादी घटनाओं में बढ़ोत्तरी हो गयी। नक्सली घटनायें बढ़ गयी सरकार 1 साल में कोई घोषित नक्सल नीति नहीं बनाया। रोज नक्सली हत्यायें कर रहे सरकार बयान देने तक सीमित है।



- पिछले 1 साल में भाजपा की साय सरकार जनता की उम्मीदों पर विफल साबित हो चुकी है। **सरकार से युवा,किसान, महिला, मजदूर, विद्यार्थी, अनुसूचित जाति, जनजाति हर वर्ग के लोग निराश है।** सब सरकार से अपने आपको ठगा महसूस कर रहे है।

- भाजपा की विष्णुदेव सरकार 1 साल में विफल साबित हो गई। **राज्य में भ्रष्टाचार और कुशासन का दौर हावी है।** साय सरकार के 1 साल में विष्णु का सुशासन तो दूर विष्णु की सरकार कहीं नहीं दिख रही।

- स्थानीय निकायों में किये गये दोषपूर्ण आरक्षण नीति के कारण **ओबीसी वर्ग के लोग सरकार से नाराज है।**

- **3100 रु.** एकमुश्त एवं धान का बढ़ा हुआ समर्थन मूल्य **112 रु.**, कुल **3217 रु.** नहीं मिलने से किसान हताश है।



- सरकार के निकम्मेपन के कारण गृहमंत्री के गृह जिले के लोहारीडीह ग्राम में एक व्यक्ति की हत्या कर फांसी पर टांग दिया गया और दूसरे व्यक्ति को **घर में जिंदा जला दिया गया।**

- प्रशासन ने अपनी नाकामी छिपाने के लिए **गांव के 169 से अधिक निर्दोष लोगों पर फर्जी मुकदमा कर जेल में डाल दिया।**

- पिछली भाजपा सरकार की तरह **पुन: एक बार अंखफोड़वा कांड हुआ।लापरवाही पूर्वक मोतियाबिंद का ऑपरेशन किए जाने के कारण दर्जनों बुजुर्गों की आंखों की रोशनी चली गई।**



- अडानी के इशारे पर **हसदेव अरण्य में जंगलों की कटाई शुरू।**



- बस्तर की शान नगरनार इस्पात संयन्त्र को बेचने का षड्यंत्र कर रही **भाजपा की डबल इंजन सरकार**

- वनरक्षकों, पुलिस आरक्षकों तथा सरकारी नौकरी में हुये भ्रष्टाचार एवं सरकारी नौकरियां बेचे जाने के कारण युवा सरकार से नाराज है। **विधानसभा चुनाव में 1 लाख नौकरियां देने का वादा किया था एक साल में 20 हजार नौकरियां मिलना था** लेकिन एक साल में भर्ती नहीं निकाली गयी। युवा ठगे महसूस कर रहे है। आरक्षक भर्ती में हुए घोटाले के **एक आरोपी ने आत्महत्या से पहले सुसाइड नोट में लिखा था कि इस "घोटाले में सभी शामिल हैं"**

- भाजपा सरकार में **दबाव पूर्वक धर्मांतरण ज़ोर शोर से चल रहा है**, धर्मांतरण के लिए दबाव डालने के कारण **अब तक तीन लोग आत्महत्या कर चुके हैं और प्रदेश में विवाद की स्थिति बनी हुई है।**

- **18.5 लाख आवास देने का वादा विधानसभा में किया था**, लेकिन अभी तक आवास देने के मामले में **सरकार कोई कार्ययोजना नहीं बना पायी। आवासहीन खुद को ठगा महसूस कर रहे।**

- भाजपा ने **500 रु. में सिलेंडर देने का वादा किया था**, 1 साल हो गया 1 भी महिला को सिलेंडर नहीं दिया गया। **यहां भी महिलाएं खुद को ठगा महसूस कर रही।**

- गरीबों के मकान, दुकान को बुलडोजर से तोड़ा जा रहा, **सरकारी जमीनों पर भाजपा के चहेते कब्जा कर रहे।**

- **डीजल खरीदी में प्रति लीटर 6.50 रु. की छूट सिर्फ उद्योगपतियों को** दिया जा रहा है। आम जनता, किसान, ट्रांसपोर्ट, आटो, टेम्पो चालक, बस मालिक, ट्रेक्टर चालक, डीजल भट्ठी उपयोग करने वाले होटल मालिकों को छुट नहीं दिया जा रहा।

- जगह-जगह अवैध शराब, गांजा, ड्रग्स, **नसीली दवाई बिक रहा है।**

- सरकारी अस्पतालों में मरीजों का इलाज नहीं हो रहा है। **अस्पतालों में दवाईयां, चिकित्सकी टेस्टींग की सुविधा नहीं मिल रहा है।**

- स्कूलों में चाक, डस्टर लेने **पैसे नहीं**। आत्मानंद स्कूलों के शिक्षकों को वेतन नहीं दिया जा रहा है

- जमीन के रजिस्ट्री की गाईड लाईन में कांग्रेस सरकार के समय किये गये **30 प्रतिशत छूट को समाप्त कर दिया**, जिससे गरीबो के मकान, प्लाट का सपना टूट गया।



- **भाजपा सरकार छोटे प्लाटों 5 डिसमिल से कम की रजिस्ट्री बंद करने जा रही है।** कांग्रेस इसका विरोध करती है।

- **1 साल में बिजली के दाम महंगे हो गये,** 400 यूनिट की छूट को अघोषित तौर पर समाप्त कर दिया गया।

- **1 साल में रेत के दाम 6 गुना, सिमेंट की कीमतें 5-5 बार बढ़ाये गये।** भाजपाई सत्ताधीशों और रेत माफियाओं के बीच सांठगांठ हो गयी है, रेत के कारोबार में रोज खून बहाया जा रहा है।

- **100 दिन में अनियमित/संविदा कर्मियों को नियमित करने की मोदी की गारंटी फेल** हो चुकी है। उल्टे 2897 बीएड शिक्षकों, विद्यामितान, अतिथि शिक्षक निकाले गये।

- बेरोजगारी भत्ता बंद, तेंदूपत्ता संग्राहक बीमा योजन बंद, कोदा, कुटकी, रागी खरीदी बंद।

- सामाजिक सुरक्षा पेंशन, वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन बंद पात्र हितग्राही भटक रहे।

प्रकाशक : छ.ग. प्रदेश कांग्रेस कमेटी संचार विभाग द्वारा जनहित में जारी